हिन्दी सान्ध्य दैनिक    जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–152 : जौनपुर, बुधवार 15 फरवरी 2023    सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )    पेज –4    मूल्य : 2 रूपया

## पीएम मोदी के नेतृत्व में अब सच हो रहे सपने –मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की एकता और अखण्डता अक्षुण्ण रखने में पूर्वोत्तर राज्यों की राष्ट्रवादी भावना की सराहना की है। पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि पराधीनता काल से लेकर आजादी के बाद भी पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से अलग–थलग रखने के अनेक प्रयास हुए। वर्षों तक वहां के लोगों को मूलभूत संसाधनों तक से वंचित रखा गया। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रंग, रूप, वेश, भाषा का भेद त्याग कर पूरा देश एकजुट होकर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ 'विकसित भारत' के लिए अपना योगदान कर रहा है। पूर्वोत्तर के युवा आज जेईई, नीट और सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की वार्षिक 'अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन (सील) कार्यक्रम के तहत आयोजित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा–2023 के दौरान बुधवार को 27 विद्यार्थियों के समूह ने मुख्यमंत्री से भेंट की। राजधानी लखनऊ आगमन पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों के प्राचीन सांस्कृतिक व आध्यात्मिक संबंधों पर भी चर्चा की तो उनसे यात्रा के अनुभव के साथ– साथ पूर्वोत्तर के बारे में भी जानने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। लखनऊ इसकी राजधानी है। यहां भ्रमण के दौरान विधान भवन जरूर देखें। यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट का आधुनिक माध्यम मेट्रो है, सभी उसका अनुभव प्राप्त करें। आजादी की लड़ाई ने असम, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश की वीरगाथा का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी समूह को लखनऊ के निकट काकोरी भ्रमण का सुझाव भी दिया। सील प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस 'एक भारत– श्रेष्ठ भारत' के लिए काम करने की बात करते हैं वह कार्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहुत पहले यानि वर्ष 1966 से सील यात्रा के माध्यम से कर रहा है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता का जीवन्त अनुभव लेने का नाम है सील यात्रा। पूर्वोतर और भारत के शेष राज्यों के बीच मन की दूरी को समाप्त कर हृदय को हृदय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम इस सील यात्रा ने किया है। किसी होटल, गेस्ट हाउस आदि में रुकने की व्यवस्था से दूर इन विद्यार्थियों को विभिन्न परिवारों के बीच रहते हुए, अपने परिवार से दूर अपने एक नए परिवार का अनुभव प्राप्त होता है। यही आतिथ्य पूर्वोत्तर को शेष भारत के साथ आत्मीय जुड़ाव का कारण बनता है। पूर्वोत्तर को



भारत की मुख्य धारा में लाने का सबसे सार्थक व उत्तम प्रयास अभाविप ने किया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया के राष्ट्रों में भारतीय संस्कृति के प्रसार में पूर्वोत्तर के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने कहा कि 166 प्रकार की जनजाति, अलग–अलग बोली, वेश भूषा और खान–पान, रहन–सहन जैसे विविधता से परिपूर्ण पूर्वोतर को शेष भारत से परिचय कराने की यात्रा का नाम है सील। इस यात्रा के माध्यम से भारत के पारंपरिक व सांस्कृतिक मूल्यों को जानने के साथ ही पूर्वोतर के सुंदर पर्यटन क्षेत्र, जैव विविधता, विविधा लोक संस्कृति की विशेषता के बारे में समग्र भारत में प्रसार पूर्वोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है। भारत के आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इसबार पूर्वोतर के 482 छात्र–छात्रा भारत के 21 राज्यों में 64 स्थान पर जा रहे हैं । वर्ष 2004 में अभाविप द्वारा पूर्वोतर के युवाओं हेतु रोजगार सृजन के लिए युवा विकास केंद्र की स्थापना की गई। इसके माध्यम से अब तक पूर्वोत्तर के हजारों युवाओं को रोजगार का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ही एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो अपने स्थापना काल से ही देश–समाज की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु सदैव अग्रणी भूमिका में खड़ा रहा है। भारत की तत्कालीन समस्या को जड़ से समाप्त करने हेतु अभाविप ने जो छोटे स्तर से प्रयास किया था, वह अब पूर्वोत्तर में विराट परिवर्तन ला चुका है। वहां के विद्यार्थी अब अपने मूल पहचान को समझकर, राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़ कर नए भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। अब तक 1500 से ज्यादा पूर्वोतर के विद्यार्थी और भारत के 500 से अधिक अन्य राज्यों के छात्र–छात्रा इस यात्रा में भाग लेकर राष्ट्रीय एकात्मता का अनुभव ले चुके हैं। इस कड़ी में 4000 से ज्यादा आतिथ्य परिवार में छात्र–छात्रा निवास कर चुके हैं। वर्ष 2105 में पूर्वोतर युवा संसद, दिल्ली में आयोजित किया गया था, जिसमें पूर्वोतर के 53 अलग–अलग युवा, छात्र संगठन के 150 से ज्यादा सदस्यों ने पूर्वोतर के विकास के बारे में एक साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया था।

## मोटा अनाज खाओ बीमारियां भगाओ –जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास भवन सभागार में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मोटा अनाज की खेती के प्रोत्साहन हेतु एक कार्यशाला संपन्न हुई जिसमें किसानों को मोटे अनाज की खेती का जनपद में दायरा बढ़ाने और उससे दूर होने वाली बीमारियों से प्रशिक्षित किया गया। किसानों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि मोटे अनाज की उपयोगिता को देखते हुए 2023 को दुनिया भर में मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। आहार एवं पोषण विशेषज्ञ मोटे अनाजों की खुबियों से इतने प्रभावित है कि इन्हें सुपर फुड्स के रूप में मान्यता दे रहे है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए सरकार ने श्री अन्न योजना का नाम दिया है। मिलेट्स के बारे में जागरूकता बढ़े इसीलिए यह कार्यशाला आहुति की गई है, उपलब्धता कम होने से महँगा मिलते है। पौस्टिक तत्व भरपूर मात्रा में होने के कारण मोटे अनाज को एनीमिया व कुपोषण की समस्या को दूर करने में सहायक माना जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने कहा कि मोटे अनाजो में फाइबर की प्रचुरता मधुमेह और मोटापे से बचाती है। कृषि वैज्ञानिक डा0 संदीप कुमार एवं डा0 सुरेन्द्र प्रताप सोनकर ने मोटे अनाज की खेती की तकनीकी जानकारी दिया। जिला कृषि अधिकारी



के0के0 सिंह ने बताया कि जनपद में मोटे अनाजों की खेती की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है विभाग द्वारा बीज उपलब्ध कराकर जागरूक करके आच्छादन एवं उत्पादन बढ़ाया जाएगा। संचालन उप परियोजना निदेशक डा0 रमेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर उपयुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर.डी. यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी द्वय शाशिकेश सिंह, हिमान्शु पाण्डेय, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा0 स्वाति पाहुजा, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, किसान यूनियन के अध्यक्ष राजनाथ यादव, संतोष सिंह, अमित प्रकाश, राम चन्द्र दुबे सहित अन्य अधिकारीगण और किसान मौजूद रहे।

## एक राष्ट्र एक शिक्षा से बनेगा श्रेष्ठ भारत –अश्वनी उपाध्याय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में बुधवार को दीक्षांत व्याख्यानमाला के क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के तत्वावधान में व्याख्यानमाला के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत विषय पर संगोष्ठी हुई। इस अवसर पर कानून व्ययस्था में सुधार के लिए जनहित याचिका दाखिल कर चर्चा मं आने वाले सुप्रीम कोर्ट के प्रतिष्ठित अधिवक्ता अश्वनी कुमार उपाध्याय ने कहा कि दीनदयाल जी एक भारत – श्रेष्ठ भारत चाहते थे। संविधान की प्रस्तावना का भी यही उद्देश्य था। उनका मानना है कि शासक भी अच्छा हो कानून व्यवस्था भी अच्छी हो और शिक्षा भी अच्छी हो तभी श्रेष्ठ भारत का निर्माण हो सकता है। समान अवसर तब मिलेगा जब एक नेशन एक एजुकेशन देश में होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया का प्रयोग राष्ट्रहित और राषट्र निर्माण के लिए करना चाहिए। उन्होंने समस्याएं को खत्म करने के लिए देश मे कड़े नियम–कानून की वकालत की। उन्होंने सऊदी अरब का उदाहरण देते हुए कहा कि 1975 से पहले वह रेगिस्तान था, लेकिन सख्त कानून–व्यवस्था के वजह से आज वह आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश को सांस्कृतिक रूप से आजाद होना पड़ेगा तभी यह श्रेष्ठ भारत बन पायेगा। संगोष्ठी में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थी शिक्षा के साथ परंपरा और संस्कारों में भी जीना सीखते है। विद्यार्थियों को जीवन में



सकारात्मक सोच रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान के धरातल पर अतीत के सहारे भविष्य की जो सोच रखता है वही जननायक होता है। पंडित जी का दर्शन एकात्म मानववाद का था। कुलपति का मानना है कि भाषाएं अलग हो सकती हैं किंतु व्यक्ति और दिल अलग नहीं हो सकते। कार्यक्रम संचालन डॉ अनुराग मिश्र और विषय प्रवर्तन डॉ राहुल राय ने किया। इसके पूर्व कुलपति एवं मनोज मिश्र द्वारा संपादित पुस्तक मुख्य अतिथि को भेंट की गई। मुख्य वक्ता का परिचय डॉक्टर अंकित कुमार ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन जनसंचार विभागाध्यक्ष डा. मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. मंगला यादव, डॉ अंकित सिंह, डॉ रामजीत सोनकर, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ प्रमोद यादवा , डॉ मनोज, डॉ रसिकेश, डॉ इन्द्रेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## राज्य निर्वाचन आयोग उ०प्र० द्वारा उप निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने हेतु जारी किया गया कार्यक्रम

जौनपुर सू.वि. : राज्य निर्वाचन आयोग, उ०प्र० लखनऊ की अधिसूचना दिनांक 14 फरवरी, 2023 द्वारा ग्राम पंचायतो के प्रधानों एवं सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो मा० न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। उक्त के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय), जौनपुर मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि जनपद के रिक्त ग्राम पंचायतो के प्रधानों एवं सदस्यों का उप निर्वाचन, जो मा० न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर निम्नांकित विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने का निर्देश देता हूँ – नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने का अन्तिम दिनांक 20 फरवरी 2023 पूर्वान्ह् 10.00 से अपरान्ह् 04.00 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 21 फरवरी 2023 पूर्वान्ह् 10.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने का दिनांक 22 फरवरी 2023 पूर्वान्ह् 10.00 बजे से अपरान्ह् 03.00 बजे तक, प्रतीक आवंटन 22 फरवरी 2023 को अपरान्ह् 03.00 बजे से कार्य समाप्ति तक, मतदान 02 मार्च 2023 पूर्वान्ह् 07.00 बजे से अपरान्ह् 05.00 बजे तक, मतगणना 04 मार्च 2023 पूर्वान्ह् 08.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगा। ग्राम पंचायतों के सदस्यों एवं प्रधानों के रिक्त स्थानों/पदों पर निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2023 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस निर्वाचन कार्यक्रम को प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते हुए व्यापक प्रचार कराया जायेगा और गॉवों में मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जायेगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा। सार्वजनिक सूचना निर्गत होने के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जाएगा। उक्त उप निर्वाचन उत्तर प्रदेश पंचायत राज (सदस्यों, प्रधानों और उप प्रधानों का निर्वाचन), नियमावली–1994 के अनुसार सम्पन्न होगा। उपर्युक्त उप निर्वाचन में नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों के दाखिल करने, उनकी जाँच करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर की जायेगी। उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। संदर्भित निर्वाचन कोविड–19 व अन्य किसी महामारी के सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्ध, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध, राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न कराए जाएंगे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा केन्द्र का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : आगामी 16 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर पाली नगर में बनाये गये परीक्षा केंद्रों का मंगलवार की शाम को तहसील शाहाबाद के उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा के लिए जरूरी सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया।एसडीएम ने सर्वप्रथम नगर के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सीसी टीवी कैमरा,वायस रिकार्डर,अग्निशमन यंत्र,शौचालय, पीने के पानी,कमरों एवं कालेज की बाउंड्री,स्ट्रांग रूम आदि के बारे में विधिवत जानकारी ली। परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्था चाक चौबंद मिली।जिसके लिये उन्होंने




विद्यालय के प्रधानाचार्य/केन्द्र व्यवस्थापक डॉ वेदप्रकाश द्विवेदी की जमकर तारीफ की।इस मौके पर परीक्षा प्रभारी राजेश प्रकाश मिश्रा, विनीत बाबू सक्सेना,विनोद राठौर,आदि शिक्षक, कर्मचारी के अलावा पाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय,एसएस आई संजय राय मय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## मानवाधिकार जनसेवा परिषद के द्वारा पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मानवाधिकार जनसेवा परिषद द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों का स्मरण कर मनोज पाण्डेय चौराहे पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा के साथ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, अजय कुमार पाण्डेय, अर्थ शर्मा, मोहम्मद शादाब, फैज अहमद, रेखा शर्मा, नीलम मिश्रा, शालिनी श्रीवास्तव, सुमन लता, शालिनी सिंह, कार्तिका माथुर, प्रिया सहित अन्य लोगों ने दीप जलाकर पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महिलाएं परिवार में एक धुरी की तरह होती हैं–रविकांत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर चेतना महिलाओं की जनपद की अग्रणी संस्था ने लाइफ मैनेजमेंट ट्रेनिंग का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित होटल में आयोजित किया संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने शाहगंज से आए हुए जोन प्रोविजनल ट्रेनर रविकांत जायसवाल का स्वागत करते हुए कहा की जेसीआई संस्था राष्ट्रीय व



अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक के द्वारा सभी विषयों पर निशुल्क ट्रेनिंग देती है ट्रेनिंग के माध्यम से लोगों को अपनी समस्या से निवारण में सहायता मिलती है, ट्रेनर रविकांत ने हैप्पी मैरिड लाइफ विषय पर ट्रेनिंग देते हुए बताया कि महिलाएं परिवार में एक धुरी की तरह होती हैं जिस पर पति के साथ साथ परिवार के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी रहती है सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कुछ समय अपने स्वयं के लिए कैसे निकाला जाए आज की ट्रेनिंग से आप सभी को इस बात की जानकारी होगी, निवर्तमान अध्यक्ष/जोन कोऑर्डिनेट जेएफएम अभिलाषा श्रीवास्तव ने ट्रेनिंग की सराहना करते हुए कहा कि आज की ट्रेनिंग से सदस्यों में एक नए विश्वास और ऊर्जा का संचार हुआ है कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी,सचिव मीरा अग्रहरि, शारदा गुप्ता, मंजू जायसवाल,सुधा बैंकर, वंशिका सिंह, रिंकी जायसवाल,संचिता बैंकर, डॉक्टर आकांक्षा द्विवेदी,प्रतिमा गुप्ता,अनीता गुप्ता,ममता केसरवानी,अंजू जायसवाल,ममता कश्यप, रविंदर कौर,ज्ञानेश्वरी गुप्ता, ध्रुव उपस्थित रही कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरी ने किया आए हुए सभी पदाधिकारी और सदस्यों का आभार कार्यक्रम संयोजक रिंकी जायसवाल और शारदा गुप्ता ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया !

## प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की जायेगी –जिला समाज कल्याण अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले जनपद के युवाओं को सामान अवसर प्रदान करने एवं विभिन्न सेवाओं के चयन में जनपद का प्रतिनिधित्व बढाने के उद्देश्य से जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रारम्भ हैं। शीघ्र ही जे0ई0ई0 नीट हेतु कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र पात्र होगें, सिविल सेवा एवं पी0सी0एस0 की परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र अर्ह होगें व एन0डी0ए0, सी0सी0एस0, क्लैट बैंकिंग, उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, टी0जी0टी0 एवं पी0जी0टी0 आदि परीक्षाओं की शैक्षिक अर्हतओं की भी सम्बन्धित प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की जायेगी। उन्होंने इच्छुक प्रतियोगी छात्र/छात्राओं को अवगत कराया है कि विशेष जानकारी हेतु प्रभारी कोचिंग संचालक लाल सिंह मौर्य के मोबाइल नम्बर 8726969979 पर सम्पर्क करे।

–सुविचार–

मन का मौन मनोबल बढ़ाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## विश्व समुदाय के प्रति चीन का रवैया अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के विपरीत

चीन अमेरिका में नजर आए अपने गुब्बारे को असैन्य बता रहा है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि चीनी गुब्बारा उसके द्वारा संचालित व्यापक निगरानी कार्यक्रम का हिस्सा है। यह नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि विश्व समुदाय के प्रति चीन का रवैया अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप नहीं है।

रणनीतिक पहलों के क्षेत्र में टोही गतिविधियों के लिए चीन द्वारा गुब्बारों के इस्तेमाल करने की प्रथा को पुनर्जीवित करना सचमुच रहस्यमयी लगता है। इसे जांचने की जरूरत है। अपने विरोधियों पर नजर रखने का यह सरल और सस्ता तरीका माना जाता है। लेकिन यह मौसम के आकलन में गुब्बारों के इस्तेमाल करने की पुरानी तकनीक की तरह है। और असल सवाल यही है कि क्या यह कारगर है? देखने में यह चीनी शासन द्वारा चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के लिए एक प्रचार अभियान प्रतीत होता है।

हम जानते हैं कि जहां चीन ने पहले से ही परिष्कृत लंबी दूरी की निगरानी के लिए एक विशाल उपग्रह नेटवर्क तैनात कर रखा है, वहीं चीनी सैन्य विशेषज्ञों ने अब लाइटर–देन–एयर व्हीकल यानी गुब्बारे जैसे तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्हें उड़ाने के लिए हवा से हल्की गैस का इस्तेमाल होता है। घूमने वाले उपग्रहों या विमानों, स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप (अंतरिक्ष में उड़ने वाले विमानों) और अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाले गुब्बारों के विपरीत ये एक निश्चित स्थान पर लंबे समय तक मंडरा सकते हैं और इन्हें रडार आसानी से पकड़ नहीं पाता। हालांकि किसी निश्चित जगह पर मंडराते रहना आसान नहीं होता, क्योंकि गुब्बारे वहीं जाएंगे, जहां हवा उन्हें ले जाएगी। इनमें शक्ति बढ़ाने की क्षमता भी नहीं होती, यानी एक निश्चित अवधि तक ही ये काम कर सकते हैं। नागरिक हवाई यातायात को नियंत्रित करने वाले रडार इसे आसानी से पकड़ लेते हैं।

गुब्बारे 60 से 70 हजार फीट की ऊंचाई पर होते हैं। यह अंतरिक्ष के निकट है, और इसे राष्ट्रीय वायु रक्षा क्षेत्रों और देशों के नियंत्रित हवाई स्थानों के अधिकार क्षेत्र से परे माना जाता है। यह बाह्य अंतरिक्ष संधि में भी दखल नहीं देता है। मैं समझता हूं कि इसका यही एकमात्र लाभ है। अपुष्ट खबर यह भी है कि इस तरह का एक गुब्बारा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के निकट भी देखा गया। चीनी शोधकर्ताओं– सैन्य और नागरिक, दोनों ने 'नियर स्पेस' या 'निकट अंतरिक्ष' के बारे में हजार से अधिक पेपर और रिपोर्ट्स लिखी हैं और इनमें से कई 'निकट अंतरिक्ष यान' के विकास पर केंद्रित हैं।

चीन ने एक शीर्ष सरकारी थिंकटैंक चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के अधीन उच्च ऊंचाई पर उड़ने वाले गुब्बारे और स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप्स की डिजाइन और विकास के लिए एक शोध केंद्र स्थापित किया है। खबरें बताती हैं कि इन उच्च ऊंचाई में उड़ने वाले गुब्बारों को अमेरिका के वायु रक्षा नेटवर्क के कुछ हिस्से में देखा गया। एक अमेरिकी सैन्य कमांडर ने सोमवार को स्वीकार किया कि अमेरिका में 'डोमेन अवेयरनेस गैप' (निगरानी प्रणाली की खामी) है, जिसके कारण पिछले प्रशासन के दौरान भी तीन अन्य संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे अमेरिका से गुजरने में सफल हो गए थे। यह एक राजनीतिक बयान लगता है।

हालांकि यह बात सामने आई है कि अमेरिकी वायु सेना उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप में अपने पर्यावरण और रणनीतिक हितों को नुकसान पहुंचाए बिना उपकरण को नीचे लाने के तरीकों पर काम कर रही थी। यह पता चला है कि गुब्बारे को पूरी तरह से तुरंत रोकने के लिए इन मिशनों को पूरा करने के लिए कोई उपयुक्त विमान उपलब्ध नहीं था, क्योंकि नष्ट करने के बावजूद यह कई दिनों तक अंतरिक्ष में बना रह सकता है। फिर किसी उपग्रह को उसके मालिक की सहमति के बिना, जो कि उसके नियंत्रण क्षेत्र से बाहर है, नीचे लाए जाने का एक कानूनी पहलू भी है।

अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन (आईसीएओ) के नियमों के मुताबिक चीनी नागरिक विमानन संगठन से यह अपेक्षित था कि वह इन गुब्बारों को उड़ाने से पहले एक 'नोटम' (अधिसूचना) जारी करता। ऐसा लगता है कि उसने ऐसा नहीं किया, जबकि वह आईसीएओ के सारे नियमों का हस्ताक्षरकर्ता है। हालांकि, एफबीआई की टीम समुद्र के ऊपर गिराए गए गुब्बारे से प्राप्त उपकरण से संबंधित और जानकारी जुटाने का काम कर रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि यह किस प्रकार का डाटा एकत्र कर सकता था और क्या उसे वास्तविक समय में प्रसारित करने में भी यह सक्षम था। चीन ने इस क्षेत्र में जो प्रगति की है, उसका एक उदाहरण 100 मीटर लंबी (328 फीट) मानव रहित हवाई पोत की खबरों में आई उड़ान है, जिसे 'क्लाउड चेजर' के रूप में जाना जाता है।

चीनी विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर का कहना है कि इस वाहन ने पृथ्वी से 20,000 मीटर (65, 616 फीट) ऊपर एशिया, अफ्रीका और उत्तर अमेरिका से होकर गुजरते हुए दुनिया भर की उड़ान भरी थी। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, एक सैन्य विशेषज्ञ ने बताया है कि कैसे 'नियर–स्पेस लाइटर–देन–एयर व्हीकल' (गुब्बारे) उपग्रहों की तुलना में कम लागत में सर्वे कर सकता है और उच्च रिजोल्यूशन वाली तस्वीरें और वीडियो भेज सकता है।

चीन की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी के एक विशेषज्ञ ने इन वाहनों को विकसित करने में अमेरिका, रूस और इस्राइल द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि चीन ने भी इस दिशा में सफलता हासिल की है। इस टीम के एक अन्य वैज्ञानिक ने मीडिया को बताया कि उपग्रहों से तुलना करें, तो स्ट्रेटोस्पेरिक एयरशिप दीर्घकालीन सर्वेक्षण के लिए बेहतर होते हैं और आपदा चेतावनी तथा पर्यावरण अनुसंधान से लेकर वायरलेस नेटवर्क निर्माण और हवाई जासूसी करने में सक्षम होते हैं।

अमेरिकी खुफिया अधिकारियों का मानना है कि अमेरिका में नजर आया चीनी गुब्बारा चीनी सेना द्वारा संचालित व्यापक निगरानी कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें गुब्बारों का एक बेड़ा शामिल है, जिसने हाल के वर्षों में कम से कम पांच महाद्वीपों में कम से कम दो दर्जन मिशनों का संचालन किया है। दूसरी ओर बीजिंग ने कहा कि अमेरिकी आकलन चीन के खिलाफ 'अमेरिका की सूचना और जनमत युद्ध' का संभावित हिस्सा है। उसका कहना है कि अमेरिका में नजर आया उपकरण नागरिक प्रकृति का है और यह निजी कंपनियों का है। लेकिन हम जिस बात को नजरंदाज नहीं कर सकते, वह यह है कि विश्व समुदाय के प्रति चीन का रवैया अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल और प्रथाओं के अनुरूप नहीं है। एक स्वतंत्र रूप से उड़ता हुआ गुब्बारा खतरनाक होता है। इस हरकत के लिए उसे सार्वजनिक रूप से दंडित करने की आवश्यकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## मंत्री की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग श्री जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। माननीय मंत्री ने सर्वप्रथम सभी का परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात हाल में सम्पन्न इन्वेस्टर्स मीट व उसके बाद जनपद में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के संबंध में जिलाधिकारी ने जानकारी दी। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अब तक 189 निवेशकों की ओर से कुल रु० 6819.41 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति भी बैठक में रखी। उद्योगों से संबंधित समस्याओं के संबंध में प्रशासन की ओर से किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। माननीय मंत्री ने उद्योगों की सुगमता के लिए आवश्यक निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बरवन रजबहा में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आईआईए के प्रतिनिधि ने जनपद को स्टेट कैपिटल रीजन में शामिल करने के लिए शासन स्तर पर प्रयास करने का अनुरोध किया। माननीय मंत्री ने अवगत कराया कि जनपद को एससीआर में शामिल करने की प्रक्रिया चल रही है। उद्योग प्रतिनिधियों ने अपनी अलग–अलग समस्याएं माननीय मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। माधोगंज–बघोली रोड पर औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध उद्योग प्रतिनिधियों ने किया। माननीय मंत्री जी ने शासन स्तर पर पूरा प्रयास करने का आश्वासन किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। निवेशकों ने भी काफी उत्साह दिया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से उद्योगों के अनुकूल माहौल तैयार करने के



लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। माननीय मुख्यमंत्री जी का प्रयास आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा रही हैं। परिवहन को सुगम बनाया जा रहा है। योजनाओं का लाभ गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कानून व्यवस्था बेहतर हुई है जिससे निवेशकों में विश्वास जगा है। भ्रष्टाचार में कमी आयी है। हरदोई में भी निवेशकों ने काफी विश्वास दिखाया है। सभी के सहयोग से वह दिन दूर नही जब भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। गरीबों के लिए भी काफी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। उर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से उद्यमियों को आसानी से एनओसी मिल रही है। निवेश सारथी पोर्टल के माध्यम से समस्याओं का त्वरित समाधान सम्भव हुआ है। माननीय मंत्री ने जनपदीय अधिकारियों की सक्रियता की सराहना की। इस अवसर पर माननीय सांसद जयप्रकाश व अशोक रावत, माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, माननीय विधायक सवायजपुर, सांडी, बिलग्राम–मल्लावां, संडीला, जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, अन्य संबंधित अधिकारी व उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिले के नवनियुक्त प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर का हुआ स्वागत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर के प्रभारी मंत्री के रूप में प्रथम हरदोई आगमन पर पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने लखनऊ बॉर्डर पर पहुंचकर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया तत्पश्चात खेतुई बालाजी पर पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्र ओम वर्मा सत्येंद्र राजपूत अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। जिले के अधिकारियों व प्रशासनिक बैठकों के पश्चात जिला भाजपा कार्यालय पर उनके पहुंचने पर जिले नगर के सभी पदाधिकारियों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा संगठन के कार्य करते हुए प्रदेश पदाधिकारी के नाते मेरा लगातार हरदोई आना होता रहा जिले के पड़ोसी के नाते मैं अधिकतर लोगों को व्यक्तिगत रूप से भी जानता हूं उन्होंने कहा मैं विश्वास दिलाता हूं की प्रभारी मंत्री के नाते पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के




संपर्क में रहते हुए कैसे जिले की प्रशासनिक व्यवस्था और सुदृढ़ बने जिले का विकास हो यह मेरी प्राथमिकता रहेगी। जनपद के सांसदों विधायकों व जिला संगठन पदाधिकारियों के साथ कोर कमेटी की बैठक भी की कोर कमेटी में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र मंत्री नितिन अग्रवाल रजनी तिवारी सांसद जयप्रकाश रावत अशोक रावत विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू प्रभास कुमार आशीष सिंह आशु रामपाल वर्मा अलका अर्कवंशी एमएलसी अवनीश कुमार अशोक अग्रवाल जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती पीके वर्मा निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण शास्त्री मौजूद रहे।

## किसानों की आय दोगुना करेगी नैनो यूरिया –केंद्रीय मंत्री मांडविया

प्रयागराज ब्यूरो : नैनो यूरिया तरल किसानों की आय ही नहीं बल्कि पर्यावरण और मिट्टी की सेहत भी सुधारने में कारगर साबित होगी। इस वैकल्पिक उर्वरक से किसानों की प्रगति के साथ ही उनकी आय दोगुनी करने का प्रधानमंत्री का सपना भी साकार होगा। ये बातें मंगलवार को फूलपुर में स्थापित इफको नैनो यूरिया तरल के संयंत्र का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सह रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहीं। उन्होंने कहा कि अपनी उपज बढ़ाने के लिए हम अंधाधुंध डीएपी और यूरिया का प्रयोग फसलों में करते रहे, जिससे पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होने के साथ ही हमारे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। नैनो यूरिया तरल के प्रयोग से अब जहां किसानों की आय बढ़ेगी, वहीं पर्यावरण व खेती की उर्वरा शक्ति भी बचेगी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि बरेली व फूलपुर की इकाइयों की प्रतिदिन क्षमता 2– 2 लाख बोतल है। इफको नैनो यूरिया तरल का देश के साथ ही विदेशों में भी निर्यात होगा। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाड़ी ने कहा बताया कि 3 सौ कोआपरेटिव की अग्रणी संस्थाओं में इफको इस बार पूरे विश्व में पहले नंबर पर है। ये रहे मौजूदइस मौके पर इफको के प्रबंधा निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी, इफको फूलपुर इकाई के कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया, आल इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन के चेयरमैन जितेन्द्र तिवारी, महाप्रबंधक नैनो गिरिधर मिश्र, सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक प्रवीण पटेल, सीमा द्विवेदी, इफको अधिकारी संघ के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पांडेय, महामंत्री विनय यादव, मुख्य प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन शंभू शेखर, वित्त एवं लेखा प्रमुख एसके सिंह, विश्वजीत श्रीवास्तव, सोनू



तिवारी रहे। उपाध्यक्ष इफको बलवीर सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। अब जल्द आएगी इफको नैनो डीएपी, दाम भी होगा कम इफको अब जल्द ही नैनो यूरिया की तर्ज पर नैनो डीएपी भी बाजार में उतारने जा रही है। बोरी वाली डीएपी के मुकाबले इसका दाम भी कम होगा। प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी के मुताबिक बोरी वाली डीएपी जहां किसानों को 1350 रुपये में मिल रही है, वहीं इफको नैनो डीएपी तरल की कीमत सिर्फ 7 सौ रुपये के आसपास होगी। इफको फूलपुर इकाई प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने बताया कि नैनो डीएपी तरल भी फसलों पर बोरी वाली डीएपी की अपेक्षा अच्छा काम करेगी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने इफको यूरिया संयंत्र का भी निरीक्षण किया। प्रतिदिन 6 लाख बोतल नैनो यूरिया तरल का होगा उत्पादन इफको देश में पहली संस्था है, जिसने नैनो यूरिया तरल का न सिर्फ उत्पादन प्रारंभ कर दिया है, बल्कि इसका पेटेंट भी इफको के पास है। कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने बताया कि इफको की गुजरात स्थित कलोल इकाई, बरेली स्थित इफको आंवला और इफको फूलपुर इकाई से उत्पादन शुरू हो गया है। इन तीनों इकाइयों से प्रतिदिन 2–2 लाख नैनो यूरिया 500 मिली बोतल उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जो 1.37 करोड़ सब्सिडी वाले यूरिया की जगह लेगा। यही नहीं आने वाले समय में जल्द ही इफको नैनो यूरिया तरल का इफको विदेशों में भी निर्यात करेगा।

## ओवरलोड वाहनों को पास कराने वाले सरगना की कई खनन माफियाओं से थी सांठगांठ

लखनऊ ब्यूरो : ओवरलोड वाहनों को शहर से पास कराने वाले गिरोह का सरगना सतीश सोनी खनन माफिया का करीबी है। उसकी कई खनन माफिया व ट्रांसपोर्टरों से गहरी सांठगांठ है। खनन माफिया के ही मौरंग, बालू, मिट्टी व गिट्टी भरे ट्रक व डंपर गिरोह पास करवाता था और ज्यादातर पेटीएम के जरिये पैसे लेता था। एसटीएफ की शुरुआती जांच में ये सभी तथ्य सामने आने के बाद खनन माफिया भी रडार पर आ गए हैं। एसटीएफ ने सोमवार को बिहार निवासी सतीश सोनी व उसके गिरोह के मुकुल मालरा, विशाल गौतम और राहुल कुमार चौहान को गिरफ्तार किया था। खुलासा हुआ था कि सतीश गैंग बनाकर ओवरलोड वाहनों को पास कराने का ठेका लेता है। गिरोह में कई और भी लोग शामिल हैं। ये सभी रात–रात भर आरटीओ की टीम की लोकेशन लेकर ट्रांसपोर्टरों को देते थे, जहां चेकिंग नहीं होती थी वहां से ओवरलोड वाहन पास करवाते थे। एक वाहन पास कराने के लिए प्रति महीना पांच हजार रुपये वसूलता था। एसटीएफ ने सतीश से जब पूछताछ की और उसका मोबाइल खंगाला तो राज खुलते गए। सतीश 20 से अधिक बड़े खनन माफिया का खास है। वह उनके वाहन पास कराने का ठेका लेता था। सभी के मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप चौट आदि एसटीएफ को मिली हैं। एसटीएफ ये भी पता कर रही है कि कहीं आरटीओ के कर्मचारियों से भी तो गिरोह का नहीं है। तय तारीख पर हिसाब, नहीं तो वाहन सीज सरगना सतीश सोनी ने वसूली की तारीख तय कर रखी थी। तय समय पर उसके पेटीएम खाते पर रकम पहुंच जाती थी। एसटीएफ के मुताबिक जब भी कोई ट्रांसपोर्टर या खनन माफिया पैसे देने में देरी करता था तो वह उसकी गाड़ियां आरटीओ से पकड़वा देता था। इस पर ट्रांसपोर्टर खुद ही सतीश से संपर्क कर पैसे दे देते थे। एसटीएफ ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का ब्योरा भी जुटाया है। 10 साल से चला रहा था गिरोह एसटीएफ ने आरोपियों से कई घंटे पूछताछ की। सतीश ने बताया कि गैंग के जो सदस्य आरटीओ की लोकेशन देते थे उनको वह एक रात का 200–300 रुपये देता था। पिछले 10 साल से वह गिरोह चला रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपी मंगलवार को कोर्ट में पेश किए गए, जहां से जेल भेज दिए गए। इनकी हुई थी गिरफ्तारी : सतीश कुमार सोनी, चंपारण बिहार (वर्तमान पताः विभूतिखंड) मुकुल मालरा, पिथौरागढ़, उत्तराखंड (वर्तमान पताः ग्वारी गांव गोमतीनगर) विशाल गौतम, बाराबंकी (वर्तमान पताः सेक्टर सी, जानकीपुरम) राहुल कुमार चौहान, बहराइच (वर्तमान पताः तकरोही)

## काकोरी इलाके में संदिग्ध हालात में प्रॉपर्टी डीलर को लगी गोली : इलाज के दौरान मौत

लखनऊ ब्यूरो : काकोरी के बेहटा गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर धर्मेंद्र पाल (32) को संदिग्ध हालात में गोली लग गई। वह गंभीर रूप से घायल कार के अंदर पड़ा मिला। उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां देररात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके से .32 बोर का अवैध तमंचा बरामद किया है। घरवालों ने अज्ञात बदमाशों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। बेहटा गांव के राम आसरे पाल का बेटा धर्मेंद्र पाल प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। वह गांव में प्लॉटिंग करा रहा है। इसके लिए इसके लिए रुद्र प्रॉपर्टी के नाम से कार्यालय भी खोला है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार शाम को वह प्लाटिंग एरिया पर कार से गया था। चचेरे भाई पिंटू के मुताबिक शाम करीब 6.30 से 7 बजे के बीच वह मौके पर पहुंचा तो धर्मेंद्र कार के अंदर खून से लथपथ मिला। उसके गले में गोली लगी थी। कार का शीशा थोड़ा नीचे गिरा हुआ था। इस पर उसने घरवालों को सूचना दी तो धर्मेंद्र के चाचा खुशीराम पाल, पिता श्रीराम आसरे पाल, भाई सुशील व सुरेंद्र मौके पर पहुंचे। उसे एक अस्पताल ले गए, जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां रात करीब 10:30 बजे उसकी मौत हो गई। कुछ लोगों से चल रहा विवाद घरवालों का आरोप है कि धर्मेंद्र जहां प्लॉटिंग कर रहा है उस जमीन को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। वहीं प्रधानी चुनाव को लेकर पुरानी रंजिश भी चली आ रही है। इन्हीं मामलों में गोली मारे जाने की आशंका है। हालांकि, पुलिस के मुताबिक देर रात तक तहरीर परिजनों ने नहीं दी है। तहरीर मिलने पर उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया है। गले से सिर के पिछले हिस्से की तरफ गई गोली एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा के मुताबिक गोली करीब 6.30 से 7 बजे के बीच लगी है, जबकि पुलिस को सूचना एक घंटे बाद दी गई। मौके से पुलिस ने कार व तमंचा बरामद किया है। ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों से बातचीत की गई है। गोली गले में लगी है जो सिर के पिछले हिस्से से निकली है। सिर में गोली का कुछ हिस्सा फंसा है। हालत काफी गंभीर है। वहीं कार का शीशा भी करीब 3 से 5 इंच खुला मिला। पुलिस दो बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है। पहला बिंदु प्रॉपर्टी व पुरानी रंजिश को लेकर हमले का और दूसरा खुदकुशी के प्रयास का है। एडीसीपी के मुताबिक मामले में फोरेंसिक विशेषज्ञों से भी राय ली जाएगी।

## आजमगढ़ के सरायमीर का सरफराज चला रहा था अवैध एक्सचेंज : आतंकी कनेक्शन की आशंका

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी के गुडंबा इलाके में अवैध एक्सचेंज संचालित होने की सूचना मिलने पर तीन दिन पहले एटीएस ने छापा मारा था। इसका कनेक्शन आतंकी संगठनों से होने की आशंका जताई जा रही है। यूपी एटीएस को अवैध एक्सचेंज चलाने वाले सरफराज नामक युवक की तलाश है जो आजमगढ़ के सरायमीर इलाके का रहने वाला है। मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। एटीएस के निरीक्षक विक्रम सिंह की ओर से एटीएस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें उल्लेख है कि 11 फरवरी को राजधानी के कल्यानपुर के सुभाषनगर स्थित आरडी अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या सी–3 में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित होने की सूचना पर छापा मारा गया। मौके से सिम बॉक्स, राउटर, स्विच समेत तमाम उपकरण बरामद हुए थे। ये फ्लैट आजमगढ़ के सरायमीर स्थित ग्राम बखरा निवासी सरफराज ने किराये पर लिया था। एटीएस टीम के पहुंचने से पहले ही वह अपने साथियों के साथ फरार हो चुका था। उसे ये फ्लैट विकास नगर निवासी मोहम्मद हारून ने दिलाया था। जब एटीएस ने हारून को मौके पर बुलाया तो उसने बताया कि फ्लैट दुबई में रहने वाले उसके मित्र अबू लैस का है। अबू लैस आजमगढ़ के सरायमीर का मूल निवासी है। एटीएस ने डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन के एडीजी सिक्योरिटी देवांशु शुक्ला, असिस्टेंट डायरेक्टर मानवेंद्र प्रताप व जियो के नोडल अधिकारी उत्कर्ष भार्गव को भी मौके पर बुलाया। इसके बाद फ्लैट की तलाशी ली गई तो वहां अवैध एक्सचेंज संचालित करने वाले तमाम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिले। अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद बताया कि यह एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज है, जिससे बड़ी तादाद में अंतरराष्ट्रीय कॉलों को सिम बॉक्स और राउटर के माध्यम से रूट कराया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक यह एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह है, जो देशी और विदेशी वीओआईपी कॉल को लोकल कॉल में परिवर्तित कर देता है। इससे कॉल करने वाले की पहचान छिपी रहती है और उसे तलाश पाना मुश्किल हो जाता है। अवैध रूप से कॉलिंग करने से गेटवे से कोई डाटा भी प्राप्त नहीं होता है।

## केंद्रीय मंत्री ने जन्मदिन पर सोनभद्र को दिया पांच करोड़ का तोहफा : सांसद निधि से खर्च होगी राशि

सोनभद्र ब्यूरो : केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को अपने जन्मदिन पर सोनांचल को करीब पांच करोड़ की सौगात दी। उन्होंने जिले में विकास की 52 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें नगर पालिका क्षेत्र में 80 लाख से बहुद्देश्यीय हाल का निर्माण भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने नीति आयोग के आकांक्षी जिले में शामिल सोनभद्र को गोद लिया है। अपनी सांसद निधि के अलावा वह विभिन्न माध्यमों से जिले के विकास में योगदान देते रहे हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अफसरों को सभी परियोजनाएं समय सीमा के अंदर पूरा कराने के निर्देश दिए। कहा कि सोनभद्र को विकास की दौड़ में अन्य जिलों के समकक्ष लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। करीब 5.03 करोड़ रुपये की यह 52 परियोजनाएं भी इसका हिस्सा हैं। सभी अधिकारी पूरी निष्ठा से लगकर समय सीमा में इन कार्यों को पूर्ण कराएं,



जिससे स्थानीय लोगों को शीघ्र इसका लाभ मिलने लगे। कार्यक्रम में डीएम चंद्र विजय सिंह, सीडीओ सौरभ गंगवार, डीडीओ शेषनाथ चौहान, पीडी आरएस मौर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सभापति उपसभापति चुनाव के संबंध में विषेश बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव के अध्यक्षता में सहकारिता विभाग के क्रय विक्रय समितियों के प्रबंधन समिति के सदस्य एवं सभापति उपसभापति चुनाव के संबंध विषेश बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहां समाजवादी पार्टी यह चुनाव बहुत गंम्भीरता से लड़ेगी हमारे बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता इस चुनाव मे लगाकर काम किया जायेगा वहीं प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा जौनपुर में सहकारिता विभाग के अधिकारी यह चुनाव चोरी से कराना चाह रहें थे इस चुनाव के बारे में किसी भी राजनीतिक दल को किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दिया जब समाजवादी पार्टी ने चुनाव को संज्ञान लिया और अधिकारियों से वार्ता किया और जानकारी चाहा कि कितनी समिति हमारी चल रही कितनी समिति बंद है और कितनी समितियों का चुनाव होना है इसकी जानकारी देने में आनाकानी कर रहे थे सहकारिता विभाग के अधिकारी लेकिन वही समाजवादी पार्टी ने सक्रियता दिखाते हुए आला अधिकारी पर जब दबाव बनाया तब जाकर सूची देने का काम किया सहकारिता



विभाग के अधिकारियों ने भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में इस चुनाव में काम कर रहे हैं लोकतंत्र में जिस तरह भाजपा हर चुनाव में सत्ता सरकार की हनक गुंडई के बल पर चुनाव कराना चाहती है लेकिन हम समाजवादी लोग चुपचाप बैठ कर यह अत्याचार नहीं सहेगा हम संघर्ष करेंगे उसके लिए जितने भी कुर्बानियां देनी होगी हम समाजवादी लोग देंगे लेकिन भाजपा के अत्याचार को हम लोग नहीं सहेगें बैठक मे मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल,मुन्ना प्रमुख, अनवारुल गुड्डू, राजेंद्र टाइगर,सोचन राम विश्कर्मा, गुलाम यादव आदि संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

# पालतू कुत्ते को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

शाहगंज जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के ईश्वरीसिंह नेवादा गांव में पालतू कुत्ते को लेकर के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। बता दे सोमवार शाम 4:30 दो पक्षों में मारपीट हो गई।विपुल सिंह 32 वर्ष पुत्र ठाकुर प्रसाद सिंह, दर्शन सिंह 64 वर्ष पत्नी ठाकुर प्रसाद सिंह निवासी ईश्वर सिंह नेवादा ने एक वफादार कुत्ते को अपने यहां पाली हैं। वह कुत्ता बगल के पड़ोसी के यहां एक और कुत्ता है जिससे वह मिलने कभी–कभी चला जाता है।जब सोमवार को विपुल सिंह का कुत्ता पड़ोसी के यहाँ कुत्ते से मिलने पहुँचा तो इसको लेकर के पड़ोसी भूपेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह अभिषेक सिंह पुत्र अजय सिंह शुभम सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह ने कुत्ते को ढाल बनाकर पुरानी रंजिश को लेकर के विपुल सिंह और दर्शन सिंह दोनों की जमकर पिटाई कर दी। माता दर्शन सिंह



और पुत्र विपुल सिंह दोनों ने सोमवार शाम को शिकारपुर पुलिस चौकी पर अपना तहरीर दिया जहां पर कार्यवाही ना हो सकी। तो अगले दिन मंगलवार को उन्होंने सरायख्वाजा थाने पर अपनी तहरीर दर्ज करें कराई और कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले को लेकर के जब पत्रकार ने अजय सिंह उर्फ डब्बू और अभिषेक से बात कीया तो उन्होंने सीधा इंकार कर दी। कहा कि हम भी मेडिकल कराने आए हैं अब मामला थाने पर है देखा जाएगा जो होता है। पीड़ित पक्ष ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर उचित कार्रवाई करने का माँग किया। सरायख्वाजा थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर दर्ज करके उचित कार्यवाही की जा रही है।

## आवंटित खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण की 17 फरवरी 2023 अन्तिम तिथि

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत माह–फरवरी, 2023 के प्रथम चक्र में माह–जनवरी, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का, निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों में माह–अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी का वितरण हेतु 08 फरवरी 2023 से 15 फरवरी 2023 तक की तिथि निर्धारित की गयी थी, किन्तु जनपद के उचित दर विक्रेताओं को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत खाद्यान्न का निर्गमन न होने के कारण जनपद के समस्त लाभार्थियों को उपरोक्त वस्तुओं का वितरण 15 फरवरी 2023 तक कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में शासन के पत्र द्वारा वितरण की तिथि 16 फरवरी 2023 से 17 फरवरी 2023 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा० चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों में माह–अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रु0 18 प्रति किग्रा० की दर से चीनी का वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी वितरण के सम्बन्ध में पोर्टबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों में चीनी वितरण की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए 17 फरवरी 2023 तक नियमानुसार लाभार्थियों / राशनकार्डधारकों में खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों में माह–अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रु0–18 प्रति किग्रा० की दर से चीनी का वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## पुरानी पेंशन बहाली शंखनाद में उमड़ा जनसैलाब : नवीन पेंशन स्कीम के विरोध में संयुक्त मोर्चा ने निकाली विशाल मोटरसाइकिल रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जौनपुर के शिक्षकों कर्मचारियों व अधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए शंखनाद, मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया। बीआरपी मैदान शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली के नारों से गुंजायमान हो गया। रैली बीएफ इंटर कॉलेज से निकलकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ इस अवसर पर मोर्चा के जिला संयोजक अमित सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा लगातार विभिन्न जनपदों में रैली निकालकर, जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन दिया गया है। मोर्चा के जिला संयोजक संजय चौधरी ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करें नहीं तो सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे। मोर्चा के जिला संयोजक मनीष सिंह सोमवंशी ने सरकार को आगाह किया कि पुरानी पेंशन बहाल करें, अन्यथा शिक्षकों कर्मचारियों को सड़क पर उतरना पड़ेगा। मोर्चा के जिला संयोजक तेरस यादव ने माननीय प्रधानमंत्री जी से देश के 70 लाख एनपीएस कर्मचारियों के साथ न्याय करने की अपील की द्यमोर्चा के संयोजक अजय सिंह व सुशील उपाध्याय ने मुख्यमंत्री से पुरानी पेंशन को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को लिखे पत्र की याद दिलाई और पुरानी पेंशन बहाल करने को कहा। पुरानी पेंशन बहाली शंखनाद रैली बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान से जिलाधिकारी कार्यालय तक हजारों कर्मचारियों की उपस्थिति में पुरानी पेंशन जिंदाबाद के नारों के साथ प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया । कार्यक्रम के दौरान सतीश सिंह, राजेश सिंह टोनी, सतीश पाठक, आश्वनी सिंह, मुन्नालाल यादव, अर्चना सिंह, नूपुर श्रीवास्तव समरनाथ यादव, कुलदीप कुमार, सुनील राव, रामसमुझ यादव, अनिल यादव, बीके शर्मा, रीना सिंह, रीता गौतम, इंदू देवी, आदि उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत : पुत्र घायल

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर के शाहगंज बाजार में रोडवेज डिपो के समीप रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत हो गई और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पास के सीएचसी में भर्ती कराया गया,



जहां से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। बीबीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के कोपा गांव निवासी बांकेलाल (60) बुधवार को अपने पुत्र पवन (35) के साथ बाइक से आजमगढ़ जिले के पलिया गांव जा रहे थे। वहां पवन की ससुराल है। शाम में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होना था। बाइक से दोनों शाहगंज डिपो के समीप से गुजर रहे थे तभी सुल्तानपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को सीएचसी शाहगंज पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने बांकेलाल को मृत घोषित कर दिया। बेटे पवन की हालत गंभीर देख रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। इधर, हादसे की सूचना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है।

## 2024 फिर हम फिर केंद्र में एनडीए की सरकार बनाएंगे –डॉ संजय निषाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद निषाद बुधवार को पार्टी द्वारा जौनपुर में आयोजित एकदिवसीय अधिवेशन में भाग लेने पहुंचे थे ।जहा पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कानपुर में बुलडोजर चलने के दौरान हुई मौत की घटना के मामले में कहाकि घटना किसी के साथ हो घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए बल्कि उसके साथ संवेदना होनी चाहिए, विपक्ष को पूरा हक है विरोध करने का लेकिन उसे कब कहां कैसे बोलना चाहिए इसकी भी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही संजय निषाद ने इन दिनों विवादों में घिरे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा रामचरित मानस पर दिए विवाद पर भी तंज कसा तो वही ओम प्रकाश राजभर के पार्टी के वापसी पर उन्होंने कहा कि जो हमारी विचारधारा से मेल खाता है वही हमारे साथ होता है। ओमप्रकाश राजभर अलग–अलग जगह चाय पीते हैं पार्टी करते हैं और रात को किसी और के घर से निकलते हैं तो ऐसी स्थिति में स्थापित हो जाएंगे तो देखा जाएगा यह पार्टी है। कौन आएगा कौन जाएगा यह निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व करता है। संजय निषाद जौनपुर में निषाद पार्टी द्वारा आयोजित एक दिवसीय अधिवेशन में शामिल होने पहुँचे थे। हम लोगों ने सोचा कि इस बार 2024 फिर हम फिर केंद्र में एनडीए की की सरकार बनाएंगे. पिछले बार से इस बार ज्यादा सीट जीतेंगे। 2019 में सपा बसपा गठबंधन था फिर भी मैं 18 : निषाद राज के मोदी सरकार के साथ खड़ा था। बाल्मीकि मछुआ मल्लाह समुदाय के लोग जिस पार्टी से जुट गई है वह हमेशा सफल रहा है मैं पार्टी से जुड़ा हूं मेरा अटूट को गठबंधन है। सपा की हालत सुधरेगी कि नहीं इस पर उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह के नेता रहे तो वह वही बता सकते हैं। ।ओम प्रकाश राजभर के पार्टी के वापसी पर उन्होंने कहा कि जो हमारी विचारधारा से मेल खाता है ।वही हमारे साथ होता है ।जब 2017 में साथ थे अब कौन सलाहकार मिल गए कि समय कहां चला गया पता नहीं है। अभी तक जिस का गुणगान कर रहे थे और जब रिलेशन खराब हो गए हैं तो अनबसनब बक रहे हैं इनका टेस्ट अलग–अलग है इनकी अमर्यादित जुबान है अगर मर्यादित हो जाएंगे तो पार्टी से मेल खाएंगे तो देखा





जाएगा। पार्टी की जो सोच है अंतिम व्यक्ति का उदय हो पार्टी का उद्देश्य अंतिम पायदान तक के लोगो को उनको भी ऊपर ले आना है। निषाद राज पार्टी के बारे में कहा कि हम अपने ही वोट देकर अपने आने वाली पीढ़ी को कहां पहुंचाया है और दूसरे का विकास करा दिया है और अपना विनाश करा दिया है अब अपना वोट इकट्ठा करो। किसी भी राजनीति हिस्सेदारी उसके झंडे से मिलती है जब झंडा नारा उसका होगा पार्टी उसकी होगी तो जो उसके सदस्य होंगे उसके पदाधिकारी होंगे तभी कुछ आगे हो सकता है ।आज हमने अपने कार्यकर्ता को बताने वाले हैं जब भगवान राम के हाथ में सत्ता थी रामराज था तब हर जाति हर धर्म हर वर्ग का सम्मान था और निषाद राज भी सम्मानित थे। आज हम अपने बूथ लेवल ब्लॉक लेबल के कार्यकर्ताओं से मिलकर उनको एकत्रित कर रहे हैं और मजबूती के साथ निषाद पार्टी को खड़ा कर रहे हैं। 26 को निषादराज की जयंती है और वहां पर निषादराज की मूर्ति लगी है जहां प्रधानमंत्री की आने की संभावना है उसकी तैयारी को लेकर हम सभी को एकत्रित कर रहे हैं विरोधी पार्टियों का जो चुनाव हारती है जो सत्ता से दूर होती है वह हमेशा दूसरे के मन में हमेशा भ्रम पैदा करना ऐसे में उनको संगठित करने का काम करना है। 1947 को हमने देश आजाद कराया था तब से 2014 तक सिर्फ केंद्र सरकार ने हमारे मछुआरों के विकास के लिए 3000 करोड़ दिया था लेकिन पहली बार 2014 में सरकार बनी तो 20000 करोड रुपए इनके विकास के लिए आया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में हेल्थ एण्ड वेलनेस की समीक्षा के दौरान हेल्थ वेलनेस सेण्टर पर तैनात 33 कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर और 42 मेडिकल आफिसर जिनके द्वारा ई–संजीवनी में टेलीकांसेल्टेसी भी की जा रही है लक्ष्य के सापेक्ष कार्य न किये जाने पर उनका अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित करने का आदेश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया और 11 अल्ट्रासाउंड सेंटर जिन्होंने चिकित्सक उपलब्ध कराने का समय माँगा था समयसीमा पूर्ण होने के बावजूद चिकित्सक नही उपलब्ध कराने के कारण और 16 सेंटर का सत्यापन नहीं कराने के कारण सेंटर निरस्त करने का आदेश दिया। परिवार नियोजन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने महिला नसबंदी में 10 कम प्रगति वाले अधीक्षकों का वेतन बाधित करने का आदेश दिया और मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वयं के देख–रेख परिवार नियोजन के अन्तर्गत किये जा रहे नसबंदी कार्य की मॉनीटरिंग करें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी डा0 राजीव को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने की गति तीव्र करें, आयुष्मान भारत में गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य 40000 माह फरवरी में पूर्ण किया जाय। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना में 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाली इकाइयों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही होने पर सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रसव कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रसव से सम्बन्धित समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय, प्रसूती की देख–रेख प्रशिक्षित डाक्टर / नर्स निश्चित समयावधि




के अतराल पर करते रहे। प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 राकेश सिंह को निर्देशित किया कि शासन की मंशा है कि भारत में एक भी टी0बी0 के रोगी न हो। अतः टी.बी. रोगियों के नये रोगियों को खोजकर उनका शत–प्रतिशत इलाज सुनिश्चित कराएँ, लक्षणयुक्त टी0बी0 के रोगी पाये जाने पर तुरन्त अस्पताल में इलाज कराये, जिससे रोग गम्भीर स्थिति में न जाने पाये। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत निर्देशित किया कि डाक्टर की उपस्थिति में फाइलेरिया की दवा का सेवन किया जाये और आमजनमानस में फाइलेरिया के उन्मूलन / बचाव के लिए अधिक से अधिक जागरुकता की जाये, जिससे शत–प्रतिशत फाइलेरिया का समापन हो सके। नेत्र ज्योति कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने डा0 एस0सी0 वर्मा को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक नेत्र रोग से संबंधित मरीजो को चिहिन्त करे और उनकी ऑखो का सफल ईलाज कराये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका महिला चिकित्सालय डॉ0 तबस्सुम बानो, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 के0के0 राय एवं सभी अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन एच एम, सै0 मोहम्मद मुस्तफा, सहित अन्य अधिकारीगण / चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील खजनी में अधिवक्ताओं का आंदोलन हुआ और उग्र

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी तहसील वादकारी हितों की अनदेखी शासन की अभिरुचि अविवादित मुकदमे के निस्तारण न होने के कारण अधिवक्ता आंदोलन हुआ और उग्र पिछले सप्ताह से जारी आंदोलन प्रशासनिक अधिकारियों के अभिरुचि न होने के कारण वादों के निस्तारण में पुराने ढर्रे पर चलते हुए। आज तक कुछ न निर्णय ले पाने




के कारण अधिवक्ता आंदोलन और उग्र हो गया। जिसमें बार एसोसिएशन की आवश्यक बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार करते हुए। आगे की रणनीति बनाई गई। इसके बाद अधिवक्तागण जुलूस में नारेबाजी करते हुए न्यायालय के समक्ष नारेबाजी किए एवं संवेदनहीन प्रशासनिक अधिकारियों को बताते हुए उनको जगाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। जिससे सरकार की तंद्रा टूटे एवम प्रशासनिक अधिकारी आम जनता के न्याय व्यवस्था के लिए जागृत हो। और प्रशासन का यह वाक्य कि जन संवेदना प्रशासन का प्राण तत्व है। इस दृष्टिकोण में बादकारी हितों का सपना साकार हो। एवं प्रशासनिक अधिकारी यथाशीघ्र न्याय व्यवस्था को दुरुस्त करें। जिससे अविवादित मुकदमो का त्वरित गति से निस्तारण हो सके। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद दुबे ने संवेदनहीन प्रशासनिक अधिकारियों को चेताया एवं वाद कारी हितों को यथाशीघ्र निस्तारण के लिए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन तहसील खजनी के अध्यक्ष पलट राज, मंत्री संजय पांडे एवं समस्त कार्यकारिणी के सदस्यगण एवं सैकड़ों वादकारीगण उपस्थित थे।

# बजट भारत को आत्मनिर्भर व विश्व गुरु बनाने में मील का पत्थर साबित होगा –सीमा द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केंद्रीय बजट पेश होने के बाद भाजपा बजट में आम लोगों के लिए की गई अहम घोषणाओं को जन–जन तक पहुंचाने में जुट गई हैं। इसके तहत राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने संसद में पेश किये गये वार्षिक बजट 2023–24 की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए हितकारी बताया है। उन्होंने बजट की तमाम खूबियों को गिनाते हुए कहा बजट सबका साथ और सबका विकास करने वाला है। यह अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आगे बढ़ाने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि कृषि, इन्फ्रा और इन्वेस्टमेंट के साथ ग्रोथ को बढ़ाने वाला बजट है। उन्होंने कहा यूनियन बजट आम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने आगे कहा कि अमृत काल का पहला बजट भारत को आत्मनिर्भर व विश्व गुरु बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। यह कोई आम बजट नहीं अमृत काल का बजट है। यूनियन बजट में गरीब, किसान, महिला, युवा एवं मध्यमवर्ग सबका ख्याल रखा गया है। यह बजट देश के आगामी 25 वर्षों की दशा व दिशा तय



करेगा। अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के लिए सशक्त आधारशिला का निर्माण करेगा यह गरीबों मध्यवर्ग और किसानों सहित एक महत्वाकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करेगा। अमृत काल का पहला बजट महिलाओं, नौजवानों, किसानों, छात्रों, कर्मचारियों और व्यापारियों सहित अंतिम पंक्ति पर बैठे प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं की पूर्ति करता है।यह बजट भारत को परम वैभव पर पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आए हुए लोगों का आभार प्रकट किया।

## 550 सफाई कर्मियों ने मार्ग के दोनों पटरियों की की सफाई

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आयुष विश्वविद्यालय पिपरी भटहट में माननीय मुख्यमंत्री जी के उद्घाटन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए पंचायती राज विभाग के 550 सफाई कर्मचारी बीआरडी मेडिकल कॉलेज से सरगांव 88 होते हुए टिप्पणी तक मारे के दोनों पटेरिया एवं मध्यम पटरी की सफाई पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों द्वारा हिमांशु शेखर ठाकुर जिला पंचायत राज अधिकारी के नेतृत्व में कराई गई सफाई टीम में मुख्य रूप से आशुतोष कुमार सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी तकनीकी बच्चा सिंह एवं अंकित मिश्रा जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की निगरानी में सहायक विकास अधिकारी पंचायत चरगवां सुजीत कुमार सिंह, रवि कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत खोराबार, अजय कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत बांसगांव मजबूत मौजूद रहे।

# यूपी कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले : लखनऊ–हरदोई की सीमा पर एक हजार एकड़ में बनेगा टेक्सटाइल पार्क

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) योजना के तहत लखनऊ–हरदोई की सीमा पर 1200 करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मॉडल पर टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा। टेक्सटाइल पार्क में करीब दस हजार से अधिक लोगों प्रत्यक्ष और करीब इतने ही लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को टेक्सटाइल पार्क के लिए लखनऊ और हरदोई जिले की कुल 1000 एकड़ भूमि निशुल्क हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव मंजूरी दे दी। कैबिनेट बैठक के बाद संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मीडिया को बताया कि केंद्र सरकार केवस्त्र मंत्रालय के सहयोग से देश में सात पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क की स्थापना की जानी है। प्रदेश में हरदोई और लखनऊ के बीच पीएम मित्र पार्क के लिए जमीन चिह्नित की गई है। यह भूमि हरदोई के गांव आंटगड़ी सौरा, अटारी, रूदानखेड़ा, विशुनपुर, जिंदाना, पारा भदराही, सालेहनगर और शाहमऊ और लखनऊ की मलिहाबाद तहसील के गांवों की जमीन ली जाएगी। हरदोई जिले की 259.09 एकड़ और लखनऊ की 903.07 एकड़ सहित कुल 1162.16 एकड़ भूमि है। इसमें से 1000 एकड़ भूमि निशुल्क हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग को हस्तांतरित की जाएगी। सैनिक कल्याण एवं पुनर्रवास बोर्ड के लिए 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था विभाग की ओर से की जाएगी। संत कबीर के नाम पर गठित होगी एसपीवी टेक्सटाइल पार्क के लिए संत कबीर पीएम मित्र टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड के नाम से स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन किया जाएगा। इसके लिए दस करोड़ रुपये की व्यवस्था की जानी है। इसमें 51 प्रतिशत यूपी सरकार और 49 प्रतिशत भारत सरकार की हिस्सेदारी होगी। एसपीवी का गठन कंपनी एक्ट 2013 के तहत होगा। एसपीवी का गठन कर उसे भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उसके बाद मास्टर विकासकर्ता का चयन कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। एसपीवी में केंद्र सरकार और यूपी सरकार के प्रतिनिधि नियुक्त किए जाएंगे। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव को एसपीवी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सचिव इसके अध्यक्ष होंगे। एसपीवी आवश्यकता के अनुसार तकनीकी अध्ययन के लिए, डीपीआर बनाने के लिए, तकनीकी और आर्थिक औचित्य की रिपोर्ट तैयार करने, पर्यावरण पर प्रभाव, पर्यावरण संरक्षण की एनओसी के लिए सलाहकार या एजेंसी चयन कर सकेगा। एसपीवी की ओर से परियोजना का संचालन पीपीपी मोड पर डिजाइन, बिल्ट, फाइनेंस–ऑपरेट–ट्रांसफर (डीबीएफओटी) के आधार पर किया जाएगा। राजकीय विभागों के 2150 संविदा कार्मिकों का मानदेय बढ़ने का रास्ता साफ कैबिनेट ने राजकीय विभागों में तैनात 2150 संविदा कार्मिकों को संशोधित दर पर संविदा राशि (मानदेय) दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह वे संविदा कार्मिक हैं, जो नियमित रूप से सृजित पदों पर वर्ष 2013–14 या उससे पहले से लगातार काम कर रहे हैं और इनकी नियुक्ति तय चयन प्रक्रिया के तहत पारदर्शी ढंग से हुई है। साथ ही वे उस पद के लिए आवश्यक न्यूनतम अर्हता भी पूरी करते हैं। कैबिनेट के इस फैसले से इन कार्मिकों को 3000 रुपये से लेकर 11898 रुपये प्रति माह तक का लाभ होगा। पूर्व में भी इन संविदा कार्मिकों का मानदेय छठे वेतनमान के न्यूनतम वेतन के आधार पर तय हुआ था, जिसे अब सातवें वेतनमान के आधार पर निर्धारित किया जाना है। इसकी सिफारिश वेतन समिति–2016 ने की थी, जिस पर मुख्य सचिव की समिति ने भी अपनी सहमति दे दी थी। इन 2150 कार्मिकों में करीब 400 संविदा पर विभिन्न अस्पतालों में तैनात डॉक्टर भी हैं। इन्हें वर्तमान में 65520 रुपये प्रति माह भुगतान होता है, जो इस फैसले के लागू होने पर 77418 रुपये हो जाएगा। अन्य संविदा कर्मी विभिन्न सरकारी विभागों में तैनात हैं। वर्तमान में इनके मानदेय का न्यूनतम स्तर 21840 रुपये है, जो बढ़कर 24840 रुपये हो जाएगा। इस मामले में मुख्य सचिव समिति की संस्तुतियों को यथावत स्वीकार कर लिया गया है। कृषि विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए वर्तमान में लागू व्यवस्था को यथावत बनाए रखने और राजकीय विभागों के संविदा कर्मियों को संशोधित दर पर संविदा राशि दिए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने स्वीकार कर लिया। न्यायालयों ने भी इन कर्मियों को न्यूनतम वेतन दिए जाने के आदेश दिए हैं। इससे राज्य सरकार पर करीब 29 करोड़ रुपये का अतिरिक्त सालाना व्ययभार आएगा। आयोग नहीं, अब कार्मिक विभाग करेगा स्टांप अधिकारियों की पदोन्नति स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में समूह क और ख अधिकारियों की पदोन्नति अब राज्य लोकसेवा आयोग नहीं, बल्कि शासन का कार्मिक विभाग करेगा। कैबिनेट ने मंगलवार को उप्र स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग सेवा नियमावली 1982 के विभिन्न नियमों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि इस नियमावली के कारण पदोन्नतियों में गतिरोध उत्पन्न हो रहा था। महानिरीक्षक, सहायक एवं उपमहानिरीक्षक और अपर महानिरीक्षक प्रबंधन की डीपीसी समय से नहीं हो पा रही थी। दरअसल, जिनकी नियुक्ति राज्य लोकसेवा आयोग करता है, उनकी पदोन्नति के लिए भी आयोग को ही सिफारिश भेजी जाती थी। अब कैबिनेट ने इसमें संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे अब प्रमोशन का अधिकार कार्मिक विभाग को मिल गया है। अब यदि पदोन्नतियों में देरी हुई तो कार्मिक विभाग ही जिम्मेदार होगा। मंत्री ने बताया कि अब जल्दी ही प्रमोशन हो सकेंगे। इस समय भी विभिन्न पदों पर प्रमोशन नहीं हुए हैं। अब इन पर जल्दी ही डीपीसी होगी। आयोग नहीं, अब कार्मिक विभाग करेगा स्टांप अधिकारियों की पदोन्नति स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में समूह क और ख अधिकारियों की पदोन्नति अब राज्य लोकसेवा आयोग नहीं, बल्कि शासन का कार्मिक विभाग करेगा। कैबिनेट ने मंगलवार को उप्र स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग सेवा नियमावली 1982 के विभिन्न नियमों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि इस नियमावली के कारण पदोन्नतियों में गतिरोध उत्पन्न हो रहा था। महानिरीक्षक, सहायक एवं उपमहानिरीक्षक और अपर महानिरीक्षक प्रबंधन की डीपीसी समय से नहीं हो पा रही थी। दरअसल, जिनकी नियुक्ति राज्य लोकसेवा आयोग करता है, उनकी पदोन्नति के लिए भी आयोग को ही सिफारिश भेजी जाती थी। अब कैबिनेट ने इसमें संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे अब प्रमोशन का अधिकार कार्मिक विभाग को मिल गया है। अब यदि पदोन्नतियों में देरी हुई तो कार्मिक विभाग ही जिम्मेदार होगा। मंत्री ने बताया कि अब जल्दी ही प्रमोशन हो सकेंगे। इस समय भी विभिन्न पदों पर प्रमोशन नहीं हुए हैं। अब इन पर जल्दी ही डीपीसी होगी। औरैया पुलिस लाइन में 238 करोड़ की लागत से बनेंगे आवासीय एवं अनावासीय भवन कैबिनेट ने औरैया पुलिस लाइन में 238 करोड़ रुपये की लागत से आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने इसका निर्माण कार्य पूरा करने के लिए डेढ़ वर्ष की अवधि तय की है। इसके निर्माण में उच्च विशिष्टियों के लिए 238 करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई है। किसानों से 31 सौ रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से भूमि खरीदेगा यीडा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के विस्तार और औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए किसानों से जमीन 31 सौ रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से खरीदेगा। कैबिनेट ने प्राधिकरण क्षेत्र में काश्तकारों से आपसी सहमति से भूमि खरीदने के लिए दर पुनरीक्षित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए निवेश करार के तहत उद्यमियों को सेक्टर–9 में जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के उत्तर, पश्चिम और पूरब में पेरीफेरल रोड निर्माण के लिए और भविष्य में अतिक्रमण की संभावना के मद्देनजर रोड सहित 500 मीटर की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण का व्ययभार प्राधिकरण वहन करेगा। इससे राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण से प्राधिकरण क्षेत्र में बनने वाली फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, इंडस्ट्रियल पार्क, ट्वॉय पार्क और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना को रफ्तार मिलेगी। 5472 करोड़ से आधुनिक बनेंगे 150 आईटीआई प्रदेश के 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) 5472.96 करोड़ से आधुनिक बनाए जाएंगे। कैबिनेट ने टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड (टीटीएल) व व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के बीच मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 10 साल नौ माह के इस प्रोजेक्ट पर टीटीएल 4282.96 करोड़ और राज्य सरकार 1190 करोड़ खर्च करेगी। प्रस्ताव के मुताबिक इस रकम से चयनित आईटीआई में लैब व स्मार्ट क्लास का निर्माण और मशीनों की खरीद कर उनमें आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। एमओए में दोनों पक्षों के कार्यों व शर्तों का उल्लेख अलग से किया गया है। 10 वर्ष पूरा होने के बाद दोनों पक्षों की सहमति से इसे नवीनीकृत करने पर विचार किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार इंडस्ट्री की मांग के अनुसार टीटीएल चयनित आईटीआई में 11 दीर्घ व 23 अल्प अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाएगा। टीटीएल के प्रशिक्षक इन आईटीआई में पहले से तैनात प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण भी देंगे। प्रशिक्षणार्थियों को टीटीएल की सहयोगी कंपनियों में ऑन जॉब ट्रेनिंग का भी अवसर मिलेगा। सफल प्रशिक्षणार्थियों को टीटीएल की सहयोगी कंपनियों व अन्य में अप्रेंटिसशिप व नौकरी के भी द्वार खुलेंगे। दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सालाना करीब 15 हजार तथा अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सालाना लगभग 20 हजार अभ्यर्थी प्रशिक्षित होंगे। पर्यटकों के लिए वासुदेव वाटिका विकसित करने को हरी झंडी मथुरा में देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए पर्यटन विभाग एक आदर्श विश्राम स्थल (वासुदेव वाटिका) बनाएगा। इसके लिए सिंचाई विभाग से गोकुल बैराज के पास की भूमि पर्यटन विभाग को निशुल्क हस्तांतरित करने पर मंगलवार को कैबिनेट ने मुहर लगा दी। यहां पर ब्रज की स्थानीय प्रजातियों के पौधों को भी रोपा जाएगा। साथ ही पर्यटकों के लिए आकर्षक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मथुरा में मथुरा, वृंदावन, गोकुल, महावन, बल्देव, बरसाना, नंदगांव व गोवर्धन आदि पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण स्थल हैं। यहां पर देश–विदेश से लाखों पर्यटक श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के दर्शन के लिए आते हैं। गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी नहीं, किसान कर रहे थे 400 से 450 रुपये प्रति क्विंटल की मांग प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को चालू पेराई सत्र के लिए बढ़ोतरी न करते हुए गन्ने का मौजूदा मूल्य ही बनाए रखने पर सहमति दी है। वर्तमान सत्र की भांति ही गन्ने की अगैती प्रजाति के लिए 350 रुपये प्रति क्विंटल, सामान्य प्रजाति के लिए 340 रुपये और अस्वीकृत प्रजाति के लिए 335 रुपये प्रति क्विंटल ही रहेगा। पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले पेराई सत्र 2021–22 के लिए मूल्य में 25 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्घि की गई थी। किसानों की मांग थी कि गन्ने की लागत बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस वर्ष दाम कम से कम 400 से 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किए जाएं। जानकार बताते हैं कि चुनाव से पहले मूल्य बढ़ाने की रवायत बनती जा रही है। ऐसे में अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले मूल्य में वृद्धि की संभावना नहीं थी। अब सरकार अगले साल गन्ने का दाम बढ़ा सकती है। हालांकि भाजपा के कई सांसदों की भी मांग थी कि इस बार चाहे थोड़ा ही सही, पर मूल्य वृद्धि होनी चाहिए। अगले साल इसे चुनावी लॉलीपॉप कहा जाएगा। हालांकि, कैबिनेट ने पेराई सत्र 2022–2023 के लिए राज्य परामर्शित मूल्य पिछली बार के बराबर ही रखा। समिति ने यही सिफारिश भी की थी। पैरामेडिकल छात्रों को मिली राहत, काउंसिल गठन को मंजूरी प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों से पैरामेडिकल में डिप्लोमा और डिग्री कोर्स करने वाले छात्रों केलिए खुशखबरी है। प्रदेश कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश में भी राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख परिषद (एलाएड एंड हेल्थ केयर काउंसिल) गठन को मंजूरी दे दी है। इससे पैरामेडिकल के करीब 56 से अधिक कोर्स करने वाले छात्रों का पंजीयन हो सकेगा। वे दूसरे राज्य में भी आसानी से नौकरी हासिल कर सकेंगे। इससे हर साल करीब 10 हजार से अधिक छात्रों को फायदा मिलेगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 133 परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र रवाना

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 16 फरवरी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरु होने जा रही है। बोर्ड परीक्षा को लेकर जहां एक ओर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पढ़ाई में जुटे हुए हैं।वही माध्यमिक शिक्षा विभाग इस परीक्षा को निष्पक्ष बनाए रखने के साथ–साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है।इस बार अयोध्या जनपद में हाई स्कूल के 44741 तथा इंटरमीडिएट में 41815 परीक्षार्थी 133 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।यह जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि विभाग द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारियां कर ली गई है।उन्होंने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 16 फरवरी को प्रारंभ हो रही है।इसके लिए 133 परीक्षा केंद्र जिले में बनाया गया है।जिसमें 10 परीक्षा केंद्र संवेदनशील के रुप में शामिल किया गया हैं।वही कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज से प्रश्न पत्रों को मजिस्ट्रेट के निगरानी में जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे के डबल लाक अलमारी में रखवाया।इस मौके पर बाहरी व आंतरिक केंद्र व्यवस्थापक भी मौजूद रहने की सख्त हिदायत दी गई है।उन्होंने सभी परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक को अपने अपने केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे को चौबीस घंटे



क्रियाशील रखकर राजकीय इंटर कॉलेज में बने मानीटरिंग व वेबकास्टिंग सेल से जोड़े रखने के दिशा निर्देश दिये है घ्।परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पांच सदस्यीय सचल दल की निगरानी रहेगी।जो नकल माफियाओं के साथ–साथ नकल रोकने का प्रयास करेंगे।यह सचल दल में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ–साथ डायट प्राचार्य के अलावा दो अन्य अधिकारियों की निगरानी में सुरक्षाकर्मियों के साथ परीक्षा के दौरान भ्रमणशील रहेगी।जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पांडे ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि परीक्षार्थी परीक्षा को घबराकर नहीं बल्कि एक उत्सव के रुप में स्वीकार करे और बिना घबराये अच्छा सा अच्छा अंक लाकर अपने माता पिता के साथ साथ समाज का भी नाम रोशन करें।

# चोरी के 30 साल बाद तीन लाख के बीमा क्लेम पर 11 लाख रुपये मिलेगा मुआवजा

लखनऊ ब्यूरो : अपना हक पाने के लिए प्रयागराज के एक स्टोर संचालकों ने 30 साल तक लंबी लड़ाई लड़ी। आखिरकार उन्हें अपने स्टोर में फरवरी 1992 में हुई चोरी के बीमा क्लेम के एवज में 2.94 लाख रुपये चोरी की तारीख से भुगतान तिथि तक नौ प्रतिशत ब्याज के साथ से मिलेगी। साथ ही बीमा कंपनी को 50 हजार का हर्जाना भी एक माह में चुकाना होगा। यह आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष पीठ ने दिया। इससे पीड़ित को 11 लाख से ज्यादा मुआवजा मिलेगा। न्यायमूर्ति अशोक कुमार व सदस्य विकास सक्सेना की पीठ ने इस मामले में जिला उपभोक्ता आयोग के पूर्व में दिए गए निर्णय को निरस्त कर दिया है। पीठ ने कहा कि कोई भी बीमाधारक, बीमा कंपनी को गलत सूचना नहीं देता है। सर्वेयर की रिपोर्ट को अंतिम नहीं माना जा सकता। यह वाद प्रयागराज के बीएन रामा एंड कंपनी के नाम से संचालित स्टोर्स संचालक नरेश राय व दि ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी के बीच था। स्टोर में 12–13 फरवरी, 1992 की रात चोरी हो गई। पूरे स्टोर का बीमा था। इसकी रिपोर्ट पुलिस में कराने के बाद 14 फरवरी, 1992




को इसकी जानकारी बीमा कंपनी को दी। बीमा कंपनी ने सर्वेयर भेजकर चोरी हुए सामान का पूरा विवरण जुटाया। फिर मार्च 1993 में एक पत्र भेजकर बताया कि पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन किए जाने के कारण फर्म का बीमा क्लेम आवेदन निरस्त किया जाता है। यह मामला 14 साल जिला उपभोक्ता आयोग और 16 साल राज्य उपभोक्ता आयोग में चला जिसके बाद स्टोर संचालकों के पक्ष में फैसला आया।

# बरेली में बनेगी फॉरेस्ट क्लाइमेट चेंज एंड वाइल्डलाइफ यूनिवर्सिटी : प्राथमिक रिपोर्ट शासन के पास

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में फॉरेस्ट क्लाइमेट चेंज एंड वाइल्डलाइफ यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। इसके लिए बरेली की सदर तहसील के गांव मांझा में 135 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई है। इसमें वन, पर्यावरण एवं वन्यजीवों से सबंधित विषयों का अध्ययन कराया जाएगा। इस बारे में शासन को प्राथमिक रिपोर्ट सौंप दी गई है। इस मामले में जमीन आदि की व्यवस्था के लिए प्राथमिक रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी बरेली के मुख्य वन संरक्षक ललित वर्मा, वन संरक्षक विजय सिंह और डीएफओ समीर कुमार की समिति को सौंपी गई थी। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट भेज दी है। प्रस्ताव के अनुसार, वाइल्डलाइफ यूनिवर्सिटी में जलवायु परिवर्तन, वानिकी, पर्यावरण और नदियों से संबंधित पाठ्यक्रम होंगे। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी पर भी उच्चस्तरीय कोर्स चलाए जाएंगे। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री कोर्सेज की सुविधा रहेगी। इनकी अवधि छह माह से लेकर चार वर्ष तक



की होगी। इसके अलावा शोध छात्रों के लिए विश्वस्तरीय पुस्तकालय, ई–लाइब्रेरी और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। ढांचागत सुविधाएं इस तरह से विकसित की जाएंगी कि देश–दुनिया के छात्र यहां पढ़ाई के लिए आकर्षित हो सकें। वन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने के आग्रह के साथ बताया कि इस परियोजना पर गंभीरता से काम चल रही है। शीघ्र ही यह धरातल पर उतरती हुई दिखेगी।

# एसपी ने किया पिहानी कोतवाली के भव्य नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी कोतवाली के नवनिर्मित भव्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोचार के साथ फीता काटकर किया। कोतवाली पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक को पुलिस टीम ने गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। पूजन व कार्यक्रम का संचालन गायत्री प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने किया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कोतवाली का वार्षिक मुआयना किया। गणमान्य व्यक्तियों व क्षेत्र के वालेंटियर्स के साथ बैठक की। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने क्षेत्र के लोगों की गंगा–जमुनी संस्कृति की मिसाल देते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि पिहानी कोतवाली की तर्ज पर जनपद के अन्य थानों को भी सजाया संवारा जाएगा। थाने मे आगंतुकों व पुलिस को बेहतर कार्य करने के लिए स्वस्थ व स्वच्छ माहौल का होना जरूरी है। सुंदरीकरण के इस कार्य को लगन



व निष्ठा से कराने के लिए कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी की सराहना की।

# मुद्रा ऋण शिविर के तहत व्यापारियों को दिया गया ऋण

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय सिविल लाइंस के प्रांगण में एसबीआई बैंक की तरफ से मुद्रा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर आए लखनऊ से एस बाई आई




के जनरल मैनेजर अरुण कुमार साहू ने किया दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही आपको बता दे कि पिछले दो दिनों से मुद्रा ऋण के लिए आवेदन सभी 26 शाखाओं से किए जा रहे थे। जिनका युद्ध स्तर पर निस्सारण करके आज के शिविर में 101 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्राप्त प्रदान किए गए ये ऋण बेलसर, रुदौली, पिठला, हैरिंगटनगंज आदि दूरदराज के व्यापारियों को दिए गए। इसके साथ ही अयोध्या शहर के भी कई व्यापारी इसमें लाभान्वित हुए अयोध्या रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार यादव ने मुख्यातिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया है। इसके बाद महिला स्वयं सहायता समूहों को भी ऋण प्रदान किया गया इस कार्यक्रम का संचालन मैनेजर रघुराम सागर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन के मुख्य प्रबंधक अभिनव श्रीवास्तव जी ने किया।

# हर्षोल्लास ढंग से सम्पन्न हुआ 34 वी वाहिनी पीएसी का 51वा स्थापना दिवस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को 34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी का 51वाँ संस्थापना दिवस पूरे हर्षोउल्लास ढंग से मनाया गया। शइस मौके पर सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव



ने सेनानायक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डा० राजीव नारायण मिश्र, 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद वाहिनी क्वार्टर गार्द पर विधि विधान से शस्त्र पूजन एवं हवन किया गया।सायः काल बहुउद्देशीय हाल में रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के जवानों ने बढ़–चढ़कर सुंदर प्रस्तुतियां और नाट्य मंचन किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस उप–महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह द्वारा की गई। स्थापना दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव और वाहिनी के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह पांच बजे कासगंज जेल भेजा गया विधायक अब्बास अंसारी

लखनऊ ब्यूरो : चित्रकूट जेल में बंद रहे सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी को कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह पांच बजे कासगंज जेल भेज दिया गया है। कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को अब्बास अंसारी को कासगंज जेल भेजने का आदेश दिए थे। उन्होंने आदेश पर तुरंत अमल करने के साथ ही चित्रकूट जेल में अब्बास का साथ देने वालों जेलकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जेल अधीक्षकों, जेलर, डिप्टी जेलर एवं डीआईजी स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा में मंत्री ने कहा कि कोई भी समस्या, दबाव या धमकी मिले तो सूचना तत्काल मुख्यालय को दें। उन्होंने जेल अधीक्षकों से 20 फरवरी तक जेलों में बंद टॉप टेन अपराधियों की सूची मुख्यालय को देने और सीसीटीवी से निगरानी व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए थे।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।